## संक्षिप्त

### लावा कस्बे में अतिक्रमण हटाया

**डिग्गी।** मालपुरा उपखंड के लावा कस्बे में बुधवार को सोडा दरवाजा रोड पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को ग्राम पंचायत प्रशासन के द्वारा दो जेसाबी मशीन की सहायता से हटाया गया। सरपंच कमल कुमार जैन ने बताया कि सोडा दरवाजा पर अवैध अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसी पर कार्यवाही करते हुए डिग्गी नायब तहसीलदार प्रहलाद सिंह की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया। ऐसे ही आगे कार्यवाही जारी रहेगी। अतिक्रमण की कार्यवाही में डिग्गी नायब तहसीलदार प्रहलाद सिंह, लावा सरपंच कमल कुमार जैन, ग्राम विकास अधिकारी रामअवतार पारीक, गिरदावर राजेश मीणा, पटवारी दिनेश सैनी, डिग्गी थाने के कांस्टेबल हनुमान सैनी, सुरेन्द्र, लोकेन्द्र सिंह, वार्ड पंच सहित ग्राम वासी मौके पर मौजूद रहे।

### शांतिभंग के आरोप में चार जने गिरफ्तार

**मालपुरा।** पचेवर थाना पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग गांवों में कार्रवाई करते हुए शांतिभंग के आरोप में चार जनों को गिरफ्तार कर 18 जनों के चालान काटे। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार को दौराने गश्त के मिली सूचना पर नगर निवासी एक महिला की शिकायत पर सांवरा पुत्र श्रवण बागरिया को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया तो नगर गांव में पुराने खण्डर मकानों में उगे बिलायती बम्बूलों को काटने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद पर विनोद, कर्ण व गोगा सिंह को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि गाईडलाईन की पालना को लेकर थाना पुलिस ने एमवी एक्ट में पांच चालान तो सोशल डिस्टेंश उल्लंघन पर तेरह चालान काट जुर्माना वसूला।

### मालपुरा व टोडारायसिंह में 5 संक्रमित

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार को जिला मुख्यालय से जारी कोविड जांच रिपोर्टों की सूची में मालपुरा व टोडारायसिंह में 5 जने कोरोना संक्रमित पाये गये। सीएमएचओ अशोक कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को आई जांच रिपोर्टों में मालपुरा में 3 व टोडारायसिंह में 2 जने कोरोना संक्रमित पाये जाने पर संक्रमित रोगियों को हॉमआईसोलेट किया गया है तथा आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही चिकित्सा विभाग की टीमो को डोर टू डोर वैक्सीनेशन बढाने के निर्देश दिये गये है।

### सीसी रोड के लिए 10 लाख रुपये दिए

**टोंक।** ग्राम पंचायत बोसरिया के देवपुरा कला के ग्राम वासियों की मांग पर बुधवार को जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल से सीसी रोड के लिए जिला प्रमुख मद से 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करके सेंक्शन ग्रामवासियीं को दी।

### कोटपूतली में 25 पॉजिटिव मिले

**कोटपूतली।** कोरोना महामारी संक्रमण का खतरा कोटपूतली ब्लॉक में लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना महामारी की तीसरी लहर के बीच क्षेत्र में बुधवार को 25 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

# किराना व्यापारी से लूट की घटना को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में किराना व्यापारी कैलाश कुमावत पुत्र योगेश कुमावत के साथ गत रात्री हुई लूट की घटना को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन पर रोष प्रकट करते हुए बुधवार को प्रातः बाजार नहीं खोला व एकजुट होकर व्यापार मण्डल अध्यक्ष मदन लाल कुमावत की अध्यक्षता में कस्बे के मुख्य बस स्टैण्ड

■ बंद किये बाजार को थानाधिकारी ने आश्वासन के बाद खुलवाया

पर धरना प्रदर्शन शुरू किया।

सूचना पर वहीं आसपास आपराधियों की खोजबीन कर रहे मौजमाबाद थानाधिकारी रविन्द्र कुमार सैन मय जाप्ता के साथ मोके पर पहुंचे व बारी-बारी से व्यापारियों की इस संदर्भ में समस्याएं व सुझाव सुने। इस अवसर पर व्यापार मण्डल की ओर से थाना प्रभारी को लुटेरे अपराधियों को शीघ्र पकड़ कर राहत प्रदान करने का



बोराज व्यापारियों के धरना प्रदर्शन के दौरान पहुंचे थानाधिकारी रविन्द्र कुमार सैनने अपराधियों को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपा। मौके पर थानाप्रभारी द्वारा अपराधियों को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन देकर बन्द बाजार को खुलवाया। सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा ने कहा तीन दिन में अपराधी पकड़ में नहीं आते हैं तो फिर से धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा।

मीणा समाज अध्यक्ष सुरेश मीणा ने कस्बे में स्थाई पुलिस चौकी खोलने की मांग रखी। तो पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामलाल कुमावत व अर्जुन कडवा ने रात्री में पुलिस गस्त बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विनोद सोनी ने स्वयं की ज्वैलर्स की दुकान में दो बार चोरी की वारदात होने की जानकारी दी जिसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई इस पर थानाप्रभारी ने सोनी को आश्वस्त किया।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**पावटा।** पंचायत समिति सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस पूर्व की भांति राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड गाइडलाइन का पालन किया जाना अपेक्षित होगा। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संदर्भ में विषय वार जिमेदारियां सौंपी गई। जिसके अंतर्गत समारोह में राष्ट्र ध्वज की व्यवस्था प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा द्वारा की जायेगी। वहीं नगरपालिका पावटा प्रागपुरा द्वारा 200निमंत्रण पत्रों को छपवाकर उपलब्ध करवाया जायेगा। जिन्हें एसडीएम कार्यालय द्वारा वितरण किया जायेगा। इसके अलावा प्रशस्ती पत्र, टैण्ट, बैठक व्यवस्था, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों के परिजनों को समानित करने, संस्थाओं व कार्यालयों पर ध्वजारोहण समेत कोविड गाईडलाईन की पालना को लेकर भी जिम्मेदारियों का वितरण किया गया।

## फायरिंग के आरोपियों से अवैध पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस बरामद

**टोंक, (निसं)।** पुलिस थाना पुरानी टोंक ने चतुर्भुज तालाब गंगा जमुना गार्डन के सामने हुई फायरिंग के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से अवैध पिस्टल व 4 जिंदा कारतुस बरामद किए।

पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को दौरान गश्त शाम 7 बजे चतुर्भुज तालाब गंगा जमुना गार्डन के सामने टोंक पर हुई फायरिंग के मामले में गिरफ्तार आरोपी शादाब पुत्र नसीब मिया व फैसल हुसेन पुत्र सादिक हुसेन जाति देशवाली मुसलमान निवासी खिडकी दरवाजा पुरानी टोंक थाना पुरानी टोंक से फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्टल व कारतुसों के बारे में गहनता से पूछताछ की। आरोपी फैसल हुसेन पुत्र सादिक हुसेन से 2 जिंदा कारतुस व आरोपी शादाब पुत्र नसीब मिया जाति देशवाली मुसलमान निवासी खिडकी दरवाजा पुरानी टोंक थाना पुरानी टोंक से एक अवैध पिस्टल 2 जिंदा कारतुस बरामद किये गये।

# लकड़ी के डंडे से बच्चों को खेलता देखा तो एसडीएम ने दिये बेट बॉल

**किशनगढ बास, (निसं)।** मेवात के गांव घमूकड के मदरसा में शिक्षा ले रहे करीब 125 बच्चों को एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने पहुंचकर खेलकूद के लिए बच्चों को सामग्री दी तो बच्चों के चेहरे खेलकूद सामग्री पाकर खिल उठे बाद में बच्चों के आग्रह पर एसडीएम ने उनके साथ क्रिकेट का मैच भी खेला। इससे पहले एसडीएम सहारण सरकारी स्कूलों में पढने वाले गरीब बच्चों को खुद के व भामाशाह के सहयोग से सर्दी से बचाव के लिए जर्सी वितरित कर चुके हैं।

किशनगढ बास के गांव घमूकड के मौलाना फारुख हाफिज शाहिद मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खेलकूद सामग्री लेकर पहुंचे एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि प्रशासन गांव के संग शिविर के दौरान उन्होंने देखा की मदरसा के अंदर लकड़ी के डंडे और कपड़े से बनी बोल से खेल रहे थे। उनके अंदर खेल की भावना को देखा तो ऐसा लगा की बच्चों को खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई जाए तो बच्चे एक दिन गांव का नाम रोशन कर सकते हैं।



किशनगढ़ बास के गांव घमूकड़ में एसडीएम ओमप्रकाश सहारणने मदरसा के बच्चों को क्रिकेट व वॉलीबॉल किट भेंट करने के बाद उनके साथ क्रिकेट भी खेला।

एसडीएम ने गांव के मदरसा में पहुंच कर जब बच्चों को क्रिकेट वॉलीबॉल किट भेट की तो बच्चों के चेहरे खिल उठे। क्रिकेट वॉलीबॉल किट मिलने से खुश बच्चों व मदरसा मौलवी ने एसडीएम का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया की पूरी लगन के साथ प्रैक्टिस कर एक दिन जरूर मुकाम हासिल कर आप की ओर से सजाए गए सपनों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर मोहम्मद कसम मेवाती सूरत खेरिया मौलवी मोहम्मद शकील मौलाना फारूक मास्टर युसूफ मास्टर ताहिर आदि मौजूद रहे।

## जैन समाज ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा एवं जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी के नेतृत्व में जैन समाज के पदाधिकारियों ने संविधान की धारा 29 के अन्तर्गत जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थ स्थल श्री सम्मेदशिखरजी पहाडी की पवित्रता व सूचिता को बनाए रखने के संदर्भ में बुधवार को एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि श्री सम्मेदशिखर जी पहाडी पौराणिक काल से ही जैन धर्म के अनुयायियों का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र रहा है ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ महिनों से असामाजिक तत्वों द्वारा श्रद्धा के इस अक्षुण्ण तीर्थ स्थल की पवित्रता और सुचिता को सैर सपाटे और पिकनिक के नाम पर नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

एवं पिकनिक, ट्रेकिंग या फिर मात्र मनोरंजन के लिए आने वाले यात्री मांसाहार व शराब का सेवन करते हुए पाए गए हैं जो अहिंसा व शांति प्रेमी जैन समुदाय के लिए बेहद पीडा जनक है।

## चार करोड़ की भूमि से अतिक्रमण हटाया

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पीछे स्थित गैर मुमकीन रास्ता की भूमि के नजदीक नगरपालिका के खाते में दर्ज आराजी खसरा नम्बर 511 की करीब तीन बीघा भूमि पर कई वर्षों से काबिज एक परिवार को अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा व सहायक अभियन्ता रवि कुमार कुमावत ने समझाईश कर इसे अतिक्रमण से मुक्त कराने में सफलता हासिल की है।

बताया जा रहा है कि उक्त भूमि का बाजार भाव करीब पांच हजार रूपये वर्गगज से अधिक है, जिसकी कुल कीमत साढे चार करोड रूपये आंकी जा रही है। ईओ शिवराज कृष्णा से बात करने पर बताया गया पालिका की ओर से सांभर क्षेत्र में जहां कहीं भी उनके अधिकार क्षेत्र की कृषि या आवासीय भूमि पर किन किन जगहों पर अतिक्रमण कर लोगों ने कब्जा कर रखा है उसका भी रिकॉर्ड देखकर पता लगाया जा रहा है। सांभर नगर के हित को ध्यान में रखते हुये हमारी ओर से इसके लिये प्रभावी कदम भी शीघ्र उठाये जायेंगे। बताया जा रहा है कि जिस जगह से उक्त भूमि को खाली करवाया गया है वहां पालिका की ओर से इसके लिये आगामी योजना का प्रारूप तैयार किया जायेगा, जिससे नगरपालिका को राजस्व की अच्छी प्राप्त होगी। उक्त कार्यवाही के दौरान सफाई निरीक्षक विनोद कुमार पारीक की भी उपस्थिति रही।

पालिका प्रशासन की ओर से शाकम्भर कॉलेज के पीछे की तरफ स्थित गैर मुमकीन रास्ता की भूमि पर लम्बे समय से कथित विवाद के कारण सड़क बनाये जाने का मामला अटका पड़ा है, अब उक्त रास्ते की भूमि का राजस्व विभाग के पटवारी की सहायता से सीमाज्ञान भी करवा कर उसे चिंहित कर लिया गया तथा पत्थरगढी भी कर ली गयी है।

## किशनगढ़ बास को एनसीआर से अलग करने की मांग

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** व्यापार महासंघ ने किशनगढ़ बास को एनसीआर क्षेत्र से अलग करने की मांग को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने बताया कि राजघाट दिल्ली से किशनगढ़ बास की 120 किमी की दूरी है लेकिन किशनगढ बास को एनसीआर क्षेत्र में शामिल रखा गया है।ज्ञापन में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से किशनगढ बास क्षेत्र को एनसीआर से अलग रखने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि एनसीआर में होने से उद्योग वे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी जनेश भूटानी हरमेश खुराना मदन लाल अग्रवाल वेद प्रकाश मनोज मित्तल घनश्याम कन्हैया लाल दीपक रॉकी रोघा आदि मौजूद थे।

## हत्याकांड का 24 घण्टे में किया पर्दाफाश

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पनियाला में विगत रोज हुए एक ब्लाइंड मर्डर का थाना पुलिस ने महज 24 घण्टे में पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

■ एक आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पनियाला के पास देवनारायण मंदिर के पास एक सरसों के खेत में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश की शिनाख्तगी एवं उक्त हत्या का पर्दाफाश करने के लिए एएसपी नवाब खान के सुपरविजन में में टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों को एकत्रित कर मौके पर एफएसएल मोबाईल टीम व एमओबी टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाये गए। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। वहीं होटल, ढ़ाबों व शराब ठेकों से जानकारी जुटाने पर सामने आया कि मृतक गिर्राज के साथ घटना के दिन दौलतराम गुर्जर निवासी पनियाला व अन्य को देखा गया था। दौलतराम की तलाश की गई तो दौलतराम घर से गायब मिला। जिस पर मुल्जिम दौलतराम ग्राम पनियाला में छुपा हुआ मिला। जिससे गहनता से अनुसंधान करने पर उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर गिराज की हत्या करना कबूल किया। जिस पर पुलिस द्वारा दौलतराम पुत्र रामकरण जाति गुर्जर उम्र 23 साल निवासी पनियाला जिला जयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। शेष आरोपियान की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि शराब पीने के दौरान मृतक की आरोपीयों से कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपीयों ने मौत के घाट उतार दिया।

## सार-समाचार

### सम्मान समारोह आयोजित



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के श्रीमाधोपुर ब्लॉक के कचियागढ़ नंदघर पर नंदघर परियोजना के अनिल अग्रवाल फाउडेशन वेदांता समूह की सहयोगी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इण्डिया के सौजन्य से जिला समन्वयक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी नंदघरों की कार्यकर्ता सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी पृथ्वीपाल मीना का साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देखकर भेंट किया विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रीमा चौधरी का शॉल उड़ा कर सम्मानित किया गया। ब्लॉक की सभी महिला सुपरवाइजर को डायरी व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं सरकारी विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक गिरिवर शर्मा का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी व वार्ड पार्षद रीमा चौधरी के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा किये गये अभूतपूर्व कार्यों एवं योगदान के लिए मोमेंटो एवं हॉट केश दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक विनोद कुमार ने नंद घर परियाजना के एवं सहयोगी संस्था हुमाना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस कार्यक्रम में की नंदघर परियोजना की उन्नित के लिए सदैव उनका पूरा सहयोग रहेगा। इस अवसर पर आगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना शर्मा,सहायिका राजेश देवी, आशा सहयोगिनी मीना देवी का अच्छा सहयोग रहा।

### तिजोरी चोरों की तलाश में दबिश दी

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत मुंडावरा के सैनी मार्केट में सोमवार रात को सर्राफा कारोबारी की दुकान में हुई चोरी को लेकर थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस ने तिजोरी चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को गठित टीम द्वारा चोरों की तलाश में जयपुर जिला व बानसूर विधानसभा के संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा तकनीकी साधनों के जरिये चोरी क्षेत्र सहित अन्य जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज में सोमवार रात करीब ढाई बजे पिकअप में सवार लोग तिजोरी ले जाते हुए दिख रहे है, लेकिन अंधेरे व कोहरे के चलते पिकअप के नंबर दिखाई नही दे रहे। जिससे चोरों कों पकडने के लिए पुलिस अन्य कई जगहों के ओर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा तिजोरी चोरों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है जल्दी ही खुलासा किया जाएगा।

### ईओ ने 120 पट्टों का वितरण किया

**लालसोट।** नगर पालिका में बुधवार को पूर्ण कोरोना गाइडलाइन के तहत नगर पालिका ईओ अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा 120 पट्टों का वितरण किया गया। अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी एवं शिविर प्रभारी रमेश चंद शर्मा स्वास्थ्य निरीक्षक रामकिशोर बेरवा सहित नगर पालिका कर्म ही रामअवतार मीणा ललिता बेरवा प्रेम शर्मा की मौजूदगी में पट्टों का वितरण हुआ। नगर पालिका मंडावरी में अब तक कुल 221 पदों को बनाकर लाभार्थियों को वितरित किया जा चुका है। इससे पहले 2 माह पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा भी नगरपालिका में बनाए101 पट्टों में से 82 लाभार्थियों को मोके पर ही वितरण कर लाभान्वित किया गया था। इस पट्टा वितरण समारोह के समापन को संबोधित करते हुए मंत्री मीणा द्वारा जनवरी में 100 से ज्यादा पट्टे वितरित करने का लक्ष्य अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया था।

### 22 भेंड-बकरियों को चुराया

**निवाई।** गांव झिलाय में मंगलवार की रात चोर नरसीसागर तालाब के पास स्थित एक बाडे से 22 भेड व बकरियां को चुरा ले गए। बुधवार की सुबह पीडित की पुत्र वधू जब बाडे में दूध निकालने गई तो वहां सारी बकरियां व भेंडे गायब मिली। जिस पर उसने तुरंत घर आकर इसकी सूचना दी। सूचना पर परिवार जनों व ग्रामीणों की भीड इकट्ठी हो गई और उन्होंने पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। और बाडे का निरीक्षण कर साक्ष्य लिए। जानकारी के अनुसार कस्बे के नरसी सागर तालाब के पास बकरियां चरा कर अपने परिवार का गुजर बसर करने वाले रज्जाक शाह पुत्र खाजू शाह ने पुलिस को बताया कि चोर उसके बाडे से 25 बकरियों में से तीन बूडी बकरियों को छोडकर 2 भेड व 20बकरियों को चुरा ले गए। उसने पुलिस को बताया कि मंगलवार को बकरियों को जंगल में चरा कर आने के बाद उसने दूध निकालकर बकरियों को बाडे में बंद करने के बाद वह सामने स्थित घर पर आकर सो गया था। बुधवार कि सुबह 6 बजे उसकी पुत्रवधू जब दूध निकालने बाडे में गई तो वहां उसे 3 बूडी बकरियों के अलावा सभी गायब मिली। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर रात्रि में पुलिस गश्त करवाने की मांग की हैं।


### जरूरतमंदों को कम्बल वितरित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहडा के बाबा रामदेव मंदिर में भगवान राम सेवा समिति के तत्वाधान में 150 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये गए । भगवान राम सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद दोचानिया ने बताया कि समाजसेवी पूरण भरगड़ के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए है एवं मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को 5000 रुपये की आर्थिक सहायता देकर मदद की। इस दौरान एडवोकेट दयाराम गुर्जर ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हमारा धर्म है। इस मौके पर हेमराज गुर्जर, कैलाश रहीसा, बंसी पंच, महेश आर्य, मक्खन आर्य ,नीरू दोचानिया, जगदीश वाल्मिक, मामचंद वाल्मिक, कैलाश योगी, जगदीश योगी, सलीम खान, पप्पू खान ,मातादीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जिले में कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाएं: आईजी अजमेर

**टोंक, (निसं)।** अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रुपेन्द्रसिंह ने टोंक जिला पुलिस की एक दिवसीय विजिट की और टोंक जिले की कानून व्यवस्थाओं का जायता लेते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

अजमेर रेंज के नए पुलिस महानिरीक्षक रुपेन्द्रसिंह ने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय देवली का निरीक्षण करने के बाद बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और कानून व्यवस्था जायजा लेते हुए जिले में कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाएं रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस महानिरीक्षक रुपेन्द्रसिंह ने कहा कि पिछले वर्ष पुलिस ने टोंक जिले में बहुत अच्छा कार्य किया है और इसे लगातार बनाएं रखने के लिए प्रयास जाएं। नई पुलिस टीम आई है और जो अच्छे परिणाम आएं उनको आगे बढाएं और कमी रही है उनमें सुधार किया है।



अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रुपेन्द्रसिंह ने पुलिस लाइन टोंक में बैठक ली।

वर्तमान में डीआईजी पद पदोन्नत हुए आईपीएस पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के द्वारा बहुत मेहनत कर जिला पुलिस में किए कार्यो को सराहते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था को कलमबद्ध करें ताकि आने वाला अधिकारी भी इसका ध्यान रखें ताकि अपराधों में लगातार गिरावट आएं। आईजी रुपेन्द्रसिंह ने कहा कि आवाज दो कार्यक्रम अगस्त 2021 में लागू हुआ और बालिका व महिलाओ को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करने

■ आईजी अजमेर रुपेन्द्रसिंह ने की जिला पुलिस की विजिट

के बेहतर कार्य है, इस अभियान को लगातार जारी रखेंगे। ाजस्थान पुलिस साईबरों अपराधों को देखते हुए काफी हद तक सफल होकर अपना कार्य कर रही है, ताकि साईबर अपराधों के बारे में आमजन इस मौके पर डीआईजी जिला पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश ने बैठक में जिले की पुलिस व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक सुभाष मिश्रा, मालपुरा राकेश कुमार सहित जिलेभर से आएं पुलिस उपाधीक्षक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। वहीं अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रुपेन्द्रसिंह ने शहर कोतवाली पुलिस थाने का भी निरीक्षण किया।

# पशुपालन मंत्री ने जोबनेर में पशु विज्ञान केन्द्र का शिलान्यास किया

**जयपुर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने बुधवार को जोबनेर (जयपुर) में वेटरनरी विश्वविद्यालय के 16वें पशु विज्ञान केन्द्र का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मंत्री कटारिया ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में ऐसी तकनीकें विकसित हो जिससे देशी गौवंश व अन्य पशुओं की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके तथा युवा इससे प्रेरणा लेकर इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सके। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने कहा कि वेटरनरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से पशुपालकों को पशुपालन की वैज्ञानिक तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित कर पशुपालकों का कौशल विकास किया जा रहा है। इस नवीन पशु विज्ञान केन्द्र के खुलने से इस क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों को सीधा लाभ मिल सकेगा जो कि इनके आर्थिक उत्थान में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में पशुपालन विकास एवं पशुपालकों के कल्याण को देखते हुए



कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने जोबनेर में वेटरनरी विश्वविद्यालय के 16वें पशु विज्ञान केन्द्र का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 की बजट घोषणा में जोबनेर में पशु विज्ञान केन्द्र खोलने की घोषणा की थी। पशु विज्ञान केन्द्र की क्रियान्विति के लिए राज्य सरकार की ओर से पदों की स्वीकृति, केन्द्र के भवन निर्माण कार्य, आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर की खरीद तथा कार्यालय व्यय के लिए वित्तीय मंजूरी भी प्रदान कर दी गई है।शिलान्यास समोराह में निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, अधिष्ठाता पीजीआईवीईआर प्रो. संजीता शर्मा, प्रधान शैतान सिंह मेहरड़ा, जिला परिषद् सदस्य पेमाराम सेपट, सरपंच हरिसिंह पुरी, अतिरिक्त निदेशक पशुपालन डॉ. उमेश सिंह, विशेषाधिकारी डॉ. ओपी गढ़वाल, प्रगतिशील किसान एवं पशुपालक गंगाराम सेपट, प्रभारी अधिकारी पशु विज्ञान केन्द्र डॉ. अशोक बेंदा एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।